बनकर माझी जीवन नैया

बनकर माझी जीवन नैया,प्रभु आपको पार लगानी है
तेरे दर पर हाथ पसार खडा, मैं याचक और तु दानी है
बनकर माझी जीवन नैया

मै जब भी दर पर आया हुं,कुछ तुम से कह नही पाया हुं
हिम्मत ना हूइ कुछ कहने की,फितरत मेरी शरमानी है
तैरे दर पर हाथ पसार खडा, मैं याचक और तु दानी है
बनकर माझी जीवन नैया.....

मैने एक घरौंदा सांवरिया, तिनके चुन चुन बनवाया है
तिनक़ के ताने बाने की,प्रभु आपको लाज बचानी है
तेरे दर पर हाथ पसार खडा,मैं याचक और तु दानी है
बनकर माझी जीवन नैया...

तु समरथ मैं कमजोर प्रभु, तेरे जोर पे मैं इतराता हुं
नन्दु विश्वास प्रभु सांचा,सांचो पर आंच ना आनी है
तेरे दर पर हाथ पसार खडा, मै याचक और तु दानी है
बनकर माझी जीवन नैया

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22471/title/banakar-majhi-jeewan-naiya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |